Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to continue Special Central Assistance Given to Palamu Parliamentary Constituency.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करने का मौका दिया है, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ।

पलामू संसदीय क्षेत्र एक अत्यंत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है । इस क्षेत्र में विकास की योजनाओं को चलाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 33 करोड़ रुपये की राशि स्पेशल सेंट्रल असिस्टैंस के रूप में मिलती थी । इस वर्ष से यह राशि बंद हो गई है । ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि जो जिले से रिपोर्टिंग हुई, वह सही रिपोर्टिंग नहीं हुई । जिले में अभी भी नक्सल घटनाएं बहुत ज्यादा घट रही हैं । वर्ष 2019-20 में 8 घटनाएं घटी थीं । वे वर्ष 2020-21 में बढ़कर 21 हो गई और अभी फिर से 9 घटनाएं घटी हैं । जिले से सही रिपोर्टिंग सही न होने की वजह से भारत सरकार के स्तर पर यह निर्णय लिया गया है कि इस राशि को अभी बंद किया जाए ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी अनुरोध है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए एससीए के अंतर्गत जो राशि मिलती थी, उस राशि को बहाल किया जाए ।